हरियाणा सरकार

शिक्षा विभाग

अधिसूचना

दिनांक 31मई,1999

संख्या सी:का:नि.53/ह.अ.15/1979/धा.4,5 तथा 16/99-हरियाणा सम्बद्ध महाविद्यालय (सेवा-सुरक्षा) अधिनियम, 1979 (1979 का अधिनियम 15) की धारा 4 तथा 5 तथा धारा 16 की उपधारा (2)के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, सम्बद्ध महाविद्यालय में नियुक्त कर्मचारियों की पेंशन तथा अंशदान भविष्य-निधि को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ।

1. (1) ये नियम हरियाणा संबद्ध महाविद्यालय (पेंशन तथा अंशदान भविष्य-निधि) नियम 1999 कहे जा सकते है।

(2) ये मई,1998, के 11वें दिन से लागू हुए समझे जायेंगे।

परिभाषायें।

2 इन नियमों में जब तक, संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "सहायता प्राप्त स्वीकृत पद " से अभिप्राय है, पद जिसके लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा, द्वारा सहायता अनुदान अनुज्ञात है;

(ख) "अधिनियम" से अभिप्राय है, हरियाणा संबद्ध महाविद्यालय (सेवा सुरक्षा) अधिनियम,1979(1979 का अधिनियम 15);

(ग) "विभाग" से अभिप्राय है, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा;

(घ) "निदेशक" से अभिप्राय है, निदेशक उच्चतर शिक्षा;

(ङ) पेंशन के प्रयोजन के लिए "उपलब्धियां" से अभिप्राय है, मूल वेतन जमा विशेष वेतन तथा निजि वेतन यदि कोई हो;

(च) "निधि" से अभिप्राय है, पेंशन निधि;

(छ) "प्रारूप" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न प्रारूप;

(ज) "वेतन" से अभिप्राय है, किसी कर्मचारी द्वारा निम्नलिखित रूप में मासिक ली गई राशि:

(i) विशेष वेतन अथवा उसकी व्यक्तिगत योग्यताओं के लिए दिए गए वेतन से भिन्न वेतन, जो उस द्वारा मूल रूप में अथवा किसी स्थानापन्न हैसियत में धारण किए गए पद के लिए स्वीकृत किया गया है अथवा जिसके लिए वह हकदार है;

(ii) विशेष वेतन तथा निजि वेतन, यदि कोई है;

(111) कोई अन्य उपलब्धियां, जो सरकारी कर्मचारी की दशा में सरकार द्वारा विशेष रूप से वेतन के रूप में वर्गीकृत की जाए; तथा

(ज्ञ) "पेंशन " से अभिप्राय है, ऐसी राशि जो कोई कर्मचारी अधिवार्षिता की आयु पूरी करने पर उपदान सहित पेंशन के रूप में प्राप्त करे;

(ञ) "अर्हक सेवा" से अभिप्राय है, ऐसी सेवा जो इन नियमों के अधीन पेंशन के लिए अर्हक बनाती है इसकी संगणना पूर्ण छमाही के रूप में की जाएगी, परन्तु यह कि तीन मास या उससे अधिक अवधि को पूर्ण आधा वर्ष के रूप में माना जाएगा । तथापि, अर्हक सेवा की गणना कर्मचारी द्वारा अंशदान भविष्य निधि में अंशदान शुरू करने की तिथि से हिसाब में ली जाएगी ।

(ट) "सेवा" से अभिप्राय है, हरियाणा महाविद्यालय (सेवा सुरक्षा) अधिनियम 1979 (1979 का अधिनियम 15) तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अधीन की गई सेवा ;

(ठ) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु परिभाषित न किए गए शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो उन्हें हरियाणा सम्बद्ध महाविद्यालय (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 1979, में दिए गए हैं ।

अध्याय 11

लागुकरण। धारा 4 तथा 16

(3) (1) किसी नियम में अन्यथा उपबन्धित के सिवाए, तथा इस शर्त के अधीन रहते हुए कि सहायता प्राप्त महाविद्यालय की प्रबन्धन समिति प्रारूप-1 में एक करार निष्पादित करेगी जो इन नियमों के उपबन्धों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रारूप-11 में दी गई वचनबद्धता तथा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों के पालन करने के प्रबन्धन समिति के किसी प्रस्ताव द्वारा सम्यक् रूप में समर्थित होगा। ये नियम उन सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे जो,-

(क) मई 1998, के 11वें दिन को अथवा उस तिथि को पश्चात सहायता प्राप्त स्वीकृत पदों पर नियुक्त किए गए हैं; तथा

(ख) मई 1998 के 11वें दिन से तुरन्त पूर्व सहायता प्राप्त स्वीकृत पदों पर कार्यरत थे तथा तत्पश्चात इसी प्रकार निरन्तर कार्यरत हैं :

परन्तु सहायता प्राप्त स्वीकृत पदों के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी-

(1) मई 1998, के 11वें दिन से पूर्व जो उसको या उसके बाद अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर चुके हैं अथवा प्राप्त करेंगे (जिन्हें इनमें, इसके बाद "विद्यामान कर्मचारी" निर्दिष्ट किया गया है); तथा

(11) मई 1998, के 11वें दिन को अथवा उसके बाद, तथा इन नियमों के प्रकाशन से पूर्व जिन्हें इन नियमों के राजपत्र में प्रकाशन की

तिथि से तीन मास की अवधि के भीतर विकल्प देने का अधिकार होगा कि क्या इन नियमों द्वारा शासित किए जाते है या नहीं ।

(2) ये नियम निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगे:

(1) सहायता प्राप्त स्वीकृत पदों के विरूद्व अंशकालिक आधार पर नियुक्त किए गए कर्मचारी;

(11) सरकार द्वारा स्वीकृत न किए गए पदों के विरूद्व नियुक्त किए गए कर्मचारी;

(111) ऐसे कर्मचारी जो मई, 1998, के 11वें दिन से पूर्व स्वीकृत पदों से सेवा निवृत हो गए हैं तथा ऐसे कर्मचारी जिन्होंने उक्त तिथि से पूर्व अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर ली है सिवाए उनके जिनका विभाग ने स्वीकृत पदों पर अधिवर्षिता की आयु के बाद सेवाकाल बढ़ दिया है; तथा

(IV) कर्मचारी जो अवकाश अन्तराल व्यवस्था या तदर्थ आधार पर या संविदात्मक आधार पर नियोजित किए गए हैं ।

4. मई 1998, के 11वें दिन से, इन नियमों के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि तक उन कर्मचारियों में से ऐसे जो इन नियमों द्वारा शासित होने का विकल्प देते हैं वे सरकार को 12/. वार्षिक दर पर ब्याज सहित नियोजक अंश की पूरी राशि जमा करवाने के लिए अपेक्षित होंगे ।

नियोजक के अंश की राशि की वापसी का उत्तरदायित्व। धारा 4 तथा 16

सेवा निवृत्ति लाभ।
धारा 4 तथा 16

5. इन नियमों के अधीन निम्नलिखित सेवा निवृत्ति लाभांश अनुज्ञेय होंगे, अर्थात :–

1. पेंशन
   (क) अधिवार्षिता पेंशन
   (ख) अशक्तता पेंशन;
   (ग) प्रतिपूर्ति पेंशन; तथा
   (घ) सवैच्छिक सेवा निवृत्ति पेंशन/अनिवार्य सेवा–निवृत्ति पेंशन ।

2. मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति उपदान ।
3. सेवा उपदान ।
4. पारिवारिक पेंशन ।

अध्याय 111

अहर्क सेवा ।
धारा 4 तथा 16

6. इन नियमों के अधीन सेवा निवृत्ति लाभांशों के लिए किसी कर्मचारी की सेवा निम्न प्रकार से अर्हक होगी :–

(1) सहायता–अनुदान के लिए अनुज्ञात अनुमोदित पद पर 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर की गई सेवा;

(11) ग्रुप घ कर्मचारियों की दशा में, साठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक की गई सेवा; तथा अन्यों की दशा में अठावन वर्ष की आयु प्राप्त करने तक की गई सेवा;

(111) बिना वेतन अवकाश तथा निलम्बन अवधि, अवकाश से अधिक अनुपस्थिति जो बाद में नियमित न की गई हो तथा सेवा में खंडता को छोड़कर, हरियाणा सम्बद्ध महाविद्यालय (सेवा सुरक्षा) नियम, 1979, तथा समय–समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अधीन अनुज्ञेय अवकाश;

(IV) उसी प्रबन्धन के अधीन सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे एक अथवा इससे अधिक प्राइवेट सम्बद्ध महाविद्यालयों में की गई सेवातथापि अन्य महाविद्यालयों में की गई सेवा पेंशन के लिए गिनी नहीं जाएगी।

अवरोध की माफी। धारा 4 तथा 16

7 कर्मचारी के सेवा अभिलेख में विशेष निदेश के प्रतिकूल न होते हुए, उसी प्रबन्धन के अधीन किसी कर्मचारी द्वारा की गई सेवाओं की समय अवधि के बीच कोई अवरोध निदेशक के अनुमोदन से माफ किया जा सकता है तथा सेवा निवृत्ति लाभाशों के लिए अर्हक सेवा के रूप समझा जाए ; परन्तु सेवा से त्याग पत्र, पदच्युति, हटाने द्वारा अथवा हडताल में भाग लेने के कारण अवरोध माफ नहीं किया जाएगा ।

पेंशन के लिए हकदारी। धारा 4 तथा 16

8. इन नियमों के अधीन कोई कर्मचारी केवल दस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद ही पेंशन के लिए हकदार होगा।

अधिवर्षिता पेंशन। धारा 4 तथा 16

9. (1) इन नियमों के अधीन ग्रुप घ कर्मचारी से भिन्न कोई कर्मचारी, तिथि जिनको वह अटठावन वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है, अधिवार्षिता पेंशन का हकदार होगा ।

(2) कोई ग्रुप घ कर्मचारी, तिथि जिसको वह साठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है, अधिवार्षिता पेंशन का हकदार होगा ।

(3) पेंशन, अन्तिम दस मास के औसत वेतन के पचास प्रतिशत की दर पर संगणित की जाएगी । पूरी पेंशन के लिए स्वीकार्यता तेतीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी होने पर होगी । पेंशन की राशि सेवाकाल द्वारा अवधारित की जानी है । इस प्रयोजन के

लिए अर्हक सेवाकाल पूर्ण छमाही अवधि के रूप में संगणित किया जाएगा तथा तीन मास के बराबर या इससे अधिक किसी वर्ष का भाग पूर्ण छमाही अवधि के रूप में माना जाएगा । यह फार्मूला निम्न प्रकार से होगा :—

पेंशन=10 मास की औसत उपलब्धियां X अर्हक सेवा (पूर्ण छमाही अवधि के रूप में संगणित की जा गी)

2 66

यदि 33 वर्ष की अर्हक सेवा के लिए इस प्रकार संगणित की गई पेंशन 1275/– रूपये (केवल एक हजार दो सौ पचहतर रूपये) से कम होती है तो उसे सभी मामलों में 1275/– रूपये (केवल एक हजार दो सौ पचहतर रूपये) तक बढा दी जाएगी ।

अशक्तता पेंशन । धारा 4 तथा 16

10. (1) ऐसे कर्मचारी जो शारीरिक या मानसिक दौर्बल्य के कारण सेवा के लिए शारीरिक रूप से अशक्त घोषित किए जाते हैं, उन्हें अशक्तता पेंशन दी जाएगी।

(2) अशक्तता पेंशन के लिये आवेदन करने वाला कोई कर्मचारी, किसी चिकित्सा बोर्ड से, जिसमें जब कभी किसी महिला कर्मचारी का निरीक्षण किया जाना हो, एक महिला चिकित्सक भी उसके सदस्य के रूप में शामिल होगा, असमर्थता का एक चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

(3) सेवा के लिये असमर्थता का चिकित्सा प्रमाण पत्र तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि आवेदक चिकित्सा बोर्ड के सम्मुख उसे उपस्थित होने के लिए निदेश देते हुए, निर्देशक से प्राप्त कोई पत्र प्रस्तुत न करे। चिकित्सा बोर्ड को, निर्देशक द्वारा आवेदक

की आयु के सम्बन्ध में उसकी सेवा पुस्तिका में यथा अभिलिखित एक विवरण भी प्रस्तुत किया जायेगा।

(4) आवेदन के साथ, चिकित्सा मामले तथा किये गये उपचार का एक संक्षिप्त विवरण संलग्न किया जायेगा।

(5) साधारण प्रमाण पत्र , कि अकुशलता वृद्धावस्था या बढ़ती आयु से प्राकृतिक ह्रास के कारण है, किसी ऐसे कर्मचारी के मामले में पर्याप्त नहीं होगा जिसकी अभिलिखित आयु पचपन वर्ष से कम है।

(6) कर्मचारी, जिसे अशक्त घोषित किया गया है, चिकित्सा बोर्ड द्वारा ऐसा घोषित किये जाने की तिथि से ड्यूटी से भारमुक्त कर दिया जाएगा।

प्रतिपूर्ति पेंशन। धारा 4 तथा 16

11. यदि कोई कर्मचारी किसी पूर्णकालिक स्वीकृत पद की समाप्ति के कारण प्रबन्ध समिति द्वारा सेवोन्मुक्त कर दिया जाता है, तो तब जब तक उसे किसी अन्य पद पर,जिसकी शर्तें कम से कम उसके अपने पद के समान समझी जाती है, नियुक्त नहीं कर दिया जाता, उसके पास निम्नलिखित विकल्प होगा:-

(क) प्रतिपूर्ति पेंशन अथवा उपदान लेने का जिसके लिये पहले की गई सेवा के लिये वह हकदार है; अथवा

(ख) उसी प्रबन्ध समिति के अधीन कोई अन्य पद स्वीकार करने का, जिसके लिये वह निर्धारित योग्यतायें पूर्ण करता है यदि नियुक्ति प्रस्ताव किया जाता है तथा उसके द्वारा पूर्ण की गई सेवा को पेंशन के लिये संगणना

के लिये जारी रखने का विकल्प होगा।

स्वैच्छिक/ अनिवार्य सेवा निवृत्ति।
धारा 4 तथा 16

12. (1) सेवा निवृति पेंशन तथा सेवा निवृति उपदान ऐसे कर्मचारी को दिया जाएगा जो उत्तरवर्ती उपनियम में यथा उपबन्धित अर्हक सेवाकाल के अनुसार स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत होता है या अनिवार्यत: सेवा निवृत्त किया जाता है।

(2) कारण अभिलिखित करते हुए यदि प्रबन्ध मंडल की राय है कि किसी कर्मचारी को सेवा निवृत्त करना लोकहित में है, तो, उस सम्बद्ध कर्मचारी को लिखित रूप में एक पूर्व नोटिस देकर जो तीन मास से कम न हो, उस तिथि को जिसको वह अर्हक सेवा के बीस वर्ष पूरे करता है या उसके बाद किसी अन्य तिथि को जो नोटिस में विनिर्दिष्ट की जाए , उसे सेवा निवृत्त करने का अधिकार होगा: परन्तु जहाँ तीन मास का नोटिस नहीं दिया गया है या तीन मास से कम अवधि के लिये नोटिस दिया गया है या ऐसी अवधि के लिये जितनी के लिये ऐसा नोटिस तीन मास से कम पड़ता है, जैसी भी स्थिति हो, वेतन तथा भत्ते की राशि के बराबर की कोई राशि, उसी दर पर जिस पर वह सेवा निवृत्ति की तिथि से तुरन्त पूर्व ले रहा था, का दावा करने का हकदार होगा।

(3) यदि उप नियम 2 के अधीन की गई किसी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति किसी विधि न्यायालय द्वारा अपास्त कर दी जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप सभी धन समबन्धी दायित्व अनिवार्य सेवा निवृत्ति की तिथि से उसके पुन: पद ग्रहण की तिथि तक प्रबन्ध मंडल को न्यायगत होंगे।

(4) कोई कर्मचारी ,प्रबन्ध मंडल को, लिखित रूप में कम से कम तीन मास का नोटिस देने के बाद,उस तिथि को, जिसको वह अर्हक सेवा के बीस वर्ष पूरे कर लेता है या आयु के पचास वर्ष प्राप्त कर लेता है या उसके बाद नोटिस में विनिर्दिष्ट की जाने वाली किसी तिथि को सेवा निवृत्त हो सकता है परन्तु निदेशक के विशेष अनुमोदन के सिवाय, निलम्ब.-नाधीन कोई भी कर्मचारी सेवा निवृत्त नहीं होगा।

(5) इन नियमों के अधीन स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त हो रहे किसी कर्मचारी को आनुपातिक पेंशन प्रदान करते हुए , उसके द्वारा वास्तविक रूप से की गई अर्हक सेवा पर अतिरिक्त रूप में पॉच वर्ष का अधिमान दिया जाएगा।तथापि, पॉच वर्ष तक का अभिमान निम्नलिखित शर्तो के अधीन रहते हुए होगा:-

(क) अधिमान अनुज्ञात करने के बाद कुल अर्हक सेवा किसी भी दशा में तैंतीस वर्ष की अहर्क सेवा से अधिक नहीं होगी तथा अधिवर्षिता की तिथि से परे नहीं होगी।

(ख) इन नियमों के अधीन बढ़ा दिया गया अधिमान केवल पेंशन तथा उपदान के लिए अर्हक सेवा के अतिरिक्त होगा। यह पेंशन तथा उपदान की सगणना के प्रयोजन के लिए जो कि सेवा निवृत्ति की तिथि के प्रति निर्देश से सगठित वास्तविक उपलब्धियों के आधार पर होगी, स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारी को वेतन के किसी अप्रयोगमूलक नियतन के लिये हकदार नही बनायेगी।

सेवा उपदान।
धारा 4 तथा 16

13. जहाँ अर्हक सेवा दस वर्ष से कम है सेवा उपदान की राशि समुचित राशि होगी जैसा कि अनुबन्ध-1 में अनुबन्धित सारणी में दर्शाया गया है तथा उसे कोई पेंशन नहीं दी जायेगी।

मृत्यु एवं सेवा निवृति उपदान।
धारा 4 तथा 16

14. कोई कर्मचारी जो इन नियमों के अधीन सेवा से अपनी सेवा निवृत्ति पर पेंशन के लिये पात्र हो गया है, को मृत्यु तथा सेवा निवृत्ति उपदान निम्न प्रकार से दिया जायेगा:-

(I) ग्रुप ध कर्मचारी की दशा में, उपलब्धियों के अधिकतम साढे सत्रह गुणा के अधीन रहते हुए, अर्हक सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह मास की अवधि के लिए उपलब्धियों का 1/4;

(II) ग्रुप घ कर्मचारी की दशा में, उपलब्धियों के अधिकतम साढे सोलह गुणा के अधीन रहते हुए, अर्हक सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह मास की अवधि के लिए उपलब्धियों का 1/4;

(III) किसी भी दशा मे सेवा निवृत्त उपदान की अधिकतम राशि 3.50 लाख से अधिक नहीं होगी;

(IV) किसी भी कर्मचारी को जिसके विरुद्ध न्यायिक अथवा विभागीय कार्यवाहियां संस्थित की गई हैं, कार्यवाहियों के निलम्बन के दौरान उपदान अनुमत नहीं किया जाएगा;

(V) सेवा में रहते हुए किसी कर्मचारी की मृत्यु की दशा में, उपदान उसकी मृत्यु के समय पर, कर्मचारी की उपलब्धियों के न्यूनतम बारह गुणा की अधिकतम के अधीन रहते हुए होगा ।

परिवार

मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति उपदान के प्रयोजन के "परिवार" में कर्मचारी के निम्नलिखित सम्बन्धी शामिल होगे:-

(I) पुरुष कर्मचारियों की दशा में पत्नी/पत्नियां, इसमें न्यायिक रुप से पृथक पत्नी अथवा पत्नियां शामिल हैं ;

(II) महिला कर्मचारी की दशा में पति, इसमें न्यायिक रुप पृथक पति शामिल है;

(III) पुत्र, इसमें सौतेले बालक तथा विधिक रुप दत्तक बालक शामिल है;

(IV) अविवाहित तथा विधवा पुत्रियां;

(V) अठारह वर्ष कह आयु से नीचे के भाई तथा अविवाहित तथा विधवा बहिनें, इसमें सौतले भाई तथा बहिनें शामिल है;

(VI) पिता }इसमें वैयक्तिक दशा में दत्तक
} माता-पिता शामिल है जिनको
(VII)माता} स्वीय विधि दत्तक-ग्रहणी
अनुमति देता है;

(VIII) विवाहित पुत्रियां; तथा

(IX) पूर्वमृत पुत्रों के बालक ।

पारिवारिक पेंशन । धारा 4 तथा 16

15. (I) कर्मचारी से कम एक वर्ष की सेवा वाले कर्मचारी अथवा पेंशनभोगी की मृत्यु के मामले में, सम्बध्र महाविद्यालय के मृतक कर्मचारी के परिवार को पारिवारिक पेंशन सभी मामलों में न्यूनतम 1275/- रुपयें (केवल हजार दो सौ पच्चतर रुपयें) तथा अन्तिम वेतन के अधिकतम 30 प्रतिशत के अधीन रहतें हुए वेतन के 30 प्रतिशत की दर पर दी जाएगी ।

(2) सात वर्ष की सेवा से अधिक सेवा वाले कार्यरत अथवा सेवानिवृत्ति के बाद, पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने से पुर्व किसी कर्मचारी की मृत्यु की दशा में, पारिवारिक पेंशन की राशि सामान्य पारिवारिक पेंशन की राशि के दुगने पर नियत की जाएगी, इन शर्तों के अधीन रहते हुए कि ऐसी बढ़ाई गई पेंशन मृत्यु के समय पर लिए जा रहे वेतन अथवा सामान्य पेंशन, जैसी भी स्थिति हो, के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । यह लाभ सात वर्ष की अवधि अथवा जब तक मृतक पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करता, जो भी पहले हो, के लिये उपलब्ध होगा।

(3) सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु की दशा में, बढ़ाई गई दरों पर पारिवारिक पेंशन उस तिथि तक भुगतान योग्य होगी जिसको मृतक कर्मचारी पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता, यदि वह जीवित रहता, अथवा सात वर्ष की अवधि के लिये ,जो भी अवधि कम हो, लेकिन किसी भी दशा में पारिवारिक पेंशन की राशि सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारी को स्वीकृत पेंशन से अधिक नहीं होगी।

पारिवारिक पेंशन के प्रयोजन के लिए परिवार में, कर्मचारी के निम्नलिखित सम्बन्धी शामिल होंगे:-

1.(क) पत्नी;
(ख) पति;
(ग) अवयस्क पुत्र;
(घ) अविवाहित अवयस्क पुत्रियां तथा सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व विधिक रूप से दत्तक बालक;
(ड) मृत्यु या पुनर्विवाह की तिथि, जो भी पहले हो, तक विधवा/विधुर;
(च) पुत्र/अविवाहित पुत्रिया जब तक कि वह 25 वर्ष की आय प्राप्त नहीं कर लेता/

लेती अथवा जीविका उपार्जन शुरू करने तक, जो भी पहले हो;

(छ) न्यायिक रूप से पृथक पत्नी अथवा पति।

2. सेवा निवृत्ति के बाद, विवाह पारिवारिक पेंशन के लिये मान्य नहीं होगा।

टिप्पण: बालक पद में कर्मचारी को मरणोत्तर संतान शामिल है।

अध्याय IV

अंशदायी भविष्य-निधि लेखा का अशंदान तथा रख रखाव। धारा 4 तथा 16

16. (1) कर्मचारी मूल वेतन के 10% की दर पर अथवा समय-समय पर सरकार द्वारा विहित किसी दर पर अंशदायी भविष्य निधि के हेतु अशंदान करेगा। तथापि कोई कर्मचारी सरकार द्वारा विहित मे उच्चतर दर पर स्वैच्छिक अंशदान कर सकता है। निधि, समय-समय पर निदेशक द्वारा यथाविनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसरण पें विनियमित का जाएगी।

(2) विद्यमान कर्मचारीयों के लिए अंशदायी भविष्य निधि में परिवर्तन करने की तिथि सरकार द्वारा नियत की जाएगी। प्रबन्ध समिति भी अंशदायी भविष्य-निधि लेखा रखेगी तथा इन कर्मचारीयों के सम्बन्ध में मासिक विवरण निदेशक को भेजेगी।

अशंदायी भविष्य निधि के कर्मचारीयों के हिस्से का अन्तरण। धारा 4 तथा 16

17. (1) विद्यमान कर्मचारी अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से प्रबन्ध समिति को लिखित पें आवेदन करेंगे कि वे अंशदायी भविष्य-निधि तथा उस पर प्रोदभूत ब्याज सहित कर्मचारी के हिस्से को, उस तिथि से जिससे वह अंशदायी भविष्य-निधि में अभिदाय करना शुरू करते है, अंशदायी भविष्य-निधि में स्थानान्तरित कर दें। महाविद्यालय का प्राचार्य तथा प्रबन्ध समिति अपेक्षित राशि को अंशदायी

भविष्य-निधि में अन्तरित करेगी। प्रबन्ध समिति, अंशदायी भविष्य-निधि का भी अभिलेख रखेगी। नियोजक का हिस्सा 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित निदेशक को अन्तरित किया जायेगा।

(2) अंशदायी भविष्य-निधि में ब्याज सहित वापिस किए जाने के लिये अपेक्षित या वास्तव में वापस की गई नियोजक के अंशदान की राशि का हिस्सा उचित सत्यापन के अधीन सेवा पंजी में अभिलिखित किया जाएगा।

(3) कर्मचारी जो इन नियमों के लागू होने पर या उसके बाद सेवा-निवृत्त हो गए है तथा जो अंशदायी भविष्य-निधि में उस पर प्रोदभूत ब्याज सहित नियोजक का हिस्सा पहले ही ले चुके है तथा वे या ऐसे कर्मचारी, उसके विधिक उत्तराधिकारी की मृत्यु की दशा में,उस राशि को नकद वापिस करने की स्थिति में नहीं है, अनुदान की राशि अथवा पेंशन के बकाये जो उन्हें अनुज्ञेय हो सकते है उसे समायोजित करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है । ऐसे मामळों में अंशदायी भविष्य-निधि तथा उस पर प्रोदभूत ब्याज सहित कर्मचारीयों का हिस्सा वास्तव में ली गई राशि का बारह प्रतिशत ब्याज अथवा समायोजक की तिथि को उपरोक्त उस राशि को लेने की तिथि से गणना की जायेगी तथा यदि कोई देय राशि अभी भी बाकी रहती है तो यह पेंशन का भुगतान किए बिना तब तक समायोजित की जाएगी जब तक कुल राशि की वसूली समायोजित नहीं हो जाती।

(4) निकालने की तिथि तथा नियोजक के हिस्से की राशि उस पर ब्याज सहित वापिस सेवा पंजी में अभिलिखित कर दी जाएगी तथा प्रविष्टि निदेशक द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद अनुप्रमाणित की जाएगी। सम्बद्ध कर्मचारी या उसका विधिक उत्तराधिकारी जैसी भी स्थिति हो उस

आशय का लिखित में वचन देगा कि उसे ऐसी वसूली या समायोजन से कोई आपत्ति नहीं है।

अध्याय V

पेंशन निधि की स्थापना तथा गठन। धारा 4 तथा 16

18. (1) शीष '0071-पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत लाभांश के लिये अंशदान तथा वसूली-01-सिविल-अंशदान तथा अनुदान -101-राज्य सहायता प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों को पेंशन देना (महाविद्यालय) के अधीन पेंशन निधि के नाम से ज्ञात एक निधि की स्थापना की जाएगी, जिसमें नियोजक का हिस्सा जमा किया जाएगा।

(2) उप नियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट निधि में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे

(क) इन नियमों के लागू होने की तिथि तक सहायता अनुदान के रूप में दिए गए सरकार के हिस्से सहित नियोजक के हिस्से की राशि अंशदायी भविष्य-निधि लेखे में है;

(ख) इन नियमों के लागू होने की तिथि को या उसके बाद अंशदायी भविष्य-निधि अभिदाय किए गए नियोजक के हिस्से का पाचँ प्रतिशत;

(ग) इन नियमों के लागू होने की तिथि को या उससे पहले सम्बद्ध महाविद्यालयों को सहायता अनुदान के रूप में भुगतान की जा रही अंशदायी भविष्य-निधि में सरकार के हिस्से की पचानवें प्रतिशत राशि;

(घ) उपरोक्त विनिर्दिष्ट राशियों पर प्रोदभूत ब्याज की राशि;

(ड) इन नियमों के लागू होने की तिथि से पहले कर्मचारी का हिस्सा जिसमें प्रोदभूत ब्याज भी शामिल है;

(च) अन्य कोई राशि जो विशेषतया इस निधि में सरकार द्वारा भुगतान की जाए।

(3) उप-धारा (1) के अधीन स्थापित निधि हरियाणा राज्य की समेकित निधि का भाग नहीं हागी तथापि सरकार निम्न शीर्ष के अन्तर्गत वार्षिक बजट में खर्चे के लिए '2071-पेंशन तथा अन्य सेवा-निवृत्त लाभांश-01-सिविल-109-राज्य सहायता प्राप्त शैक्षिणक संस्थाओं (महाविद्यालय)'' शीर्ष के अधीन समुचित उपबन्ध करेगी। प्रत्येक सेवा निवृति लाभ के सम्मुख ये उपशीर्ष अंकित किया जाना है जैसे 101-अधिवार्षिकी तथा सेवा निवृत भते 103-प्रतिपुर्ति भते, 104- सेवा निवृति उपदान तथा 105-पारिवारिक पेंशन इत्यादि।

(4) निधि में जमा निम्नलिखित प्रकार से की जाएगी:-

प्रबंध मंडल द्वारा भुगतान योग्य अंशदायी भविष्य-निधि में कर्मचारी के वेतन के दस प्रतिशत के हिस्से का पाँच प्रतिशत, इसी प्रकार निधि में जमा करने के लिए गैर सरकारी सम्बद्ध महाविद्यालयों को स्वीकृत सहायता अनुदान से भी कटौती की जाएगी ताकि प्रबन्ध मण्डल से वसूली के लिए कोई राशि बकाया न रहे; और

(5) उप नियम (4) के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में इन नियमों के अधीन सेवा निवृत्ति लाभांशो के रूप में प्रबन्ध मंडल का

अंशदायी भविष्य-निधि में हिस्सा, सहायता अनुदान में से काट लिया जाएगा।

(6) प्रबन्ध मंडल प्रत्येक मास निदेशक को मांग ड्राफ्ट पेश करते हुए आवश्यक विशिष्टियां अर्थात कर्मचारी का नाम, पदनाम, प्रत्येक कर्मचारी के सम्बंध में अंशदान की राशि के तथा कुल जोड़ के ब्यौरे दर्शाते हुए (तीन प्रतियां) संलग्न करेगा।

व्यतिक्रम के मामलों में कार्रवाई करने वाला प्राधिकारी। धारा 4 तथा 16

(19) प्रबन्ध मंडल द्वारा इन नियमों के किन्हीं उपबन्धों में चूक या कार्यान्वयन न करने की दशा में, निदेशक को प्रबन्ध मंडल को देय सहायता अनुदान की राशि में से प्रबन्ध मंडल को देय पाई गई ऐसी किसी राशि की कटौती का अधिकार होगा जो प्रबन्धक को सम्बद्ध महाविद्यालय के सहायता अनुदान को निलम्बित कर सकता है और सरकार के पूर्व अनुमोदन से सहायता अनुदान सूची में से ऐसे महाविद्यालय का नाम भी हटा सकता है।

कार्यान्वयन के लिए कक्ष की स्थापना। धारा 4 तथा 16

20. (1) निदेशक के कार्यालय में एक पृथक पूर्ण कक्ष की स्थापना की जाएगी, जो इन नियमों तथा उपरोक्त निधियों में से संग्रहण तथा वितरण की राशि का भी महाविद्यालयवार पूर्ण लेखा रखेगा तथा प्रत्येक वित्त वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अन्त में निधियों में बकाया अतिशेष का समाधान करेगा। यह कर्मचारीयों, अभिदान की वसूली, खाता लेखा, बड़ा चिटठा, कर्मचारीयों के लिए लेखा संख्या का आबंटन तथा लाभानुयोगियों की भविष्य-निधि तथा भुगतान अभिलेख इत्यादि का रजिस्टर रखेगा।

(2) महालेखाकार, हरियाणायाणा के कार्यालय में निधियों में जमा तथा विकलन का मासिक मिलान किया जाएगा ताकि इस निधि के लेखों में कोई विसंगतियां न रहें।

पेंशन निधियों में धन का जमा करना । धारा 4 तथा 16

21. (1) अभिदायी भविष्य-निधि की राशि, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से प्रबन्ध समिति की ओर देय हो जाती है, तुरन्त निधि में जमा करा दी जाएगी जिसमें असफल होने पर, प्रबन्ध समिति, अंशदायी भविष्य-निधि के लागू ब्याज के भुगतान के लिए दायी होगी।

(2) निधि तथा अंशदायी भविष्य-निधि अतिशेष राशि पर प्रोद्भूत ब्याज की राशि की गणना वार्षिक आधार पर की जाएगी तथा इस निधि के अधीन वार्षिक बजट में समुचित उपबन्ध करने के लिए सरकार को सूचित किया जाएगा।

पेंशन के भुगतान का ढ़ग। धारा 4 तथा 16

22. निदेशक की मंजूरी के बाद इन नियमों के अधीन निधि में से भुगतान पेंशन भुगतान आदेश तथा निदेशक द्वारा जारी प्राधिकृत पत्र के आधार पर सम्बद्ध कोषाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

सेवा निवृत्ति व्यक्ति को भुगतान का ढ़ग। धारा 4 तथा 16

23. सेवा निवृत्ति व्यक्ति को पेंशन का भुगतान, पेंशन भुगतान आदेश के आधार पर सम्बन्धित कोषाधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय अन्य सेवा निवृत्ति लाभ का भुगतान सेवा निवृत व्यक्ति को, निदेशक द्वारा सेवा निवृत्ति लाभ मंजूर करने के बाद सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया जाएगा तथा इस प्रकार स्वीकृत प्रति तदानुसार बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान करने के लिए प्रत्येक सम्बद्ध कोषाधिकारी को प्रति सहित महालेखाकार हरियाणा (ए और इ) तथा सेवा निवृत्ति को तथा महाविद्यालय के प्राधानाचार्य को भेजी जाएगी।

24. इन नियमों के अधीन सभी भुगतान '2071-पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभांश-01-सिविल-109- राज्य सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाए (महाविद्यालय)'' प्रत्येक सेवा निवृति लाभ के सम्मुख अलग उप शीर्ष अकिंत किया जाये के शीर्ष के अधीन किये जाएगें तथा सम्बन्धित कोषाधिकारी, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) हरियाणा को भुगतानों का आवश्यक मासिक खाता प्रस्तुत करेगा तथा खजाना अनुसूची की एक प्रति किए गए भुगतान के ब्यौरे सहित महाविद्यालय के प्राचार्य को सम्बन्धित कोषाधिकारी द्वारा आगामी मास के 10वें दिन तक भेजी जाएगी।	खर्च लेखा का शीर्ष धारा 4 तथा 16
25. '2071-पेंशन तथा अन्य लाभांश-01-सिविल-109- राज्य सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाए (महाविद्यालय)'' प्रत्येक सेवा निवृति लाभ के सम्मुख अलग उप शीर्ष अकिंत किया जाये शीर्ष के अधीन भुगतान की गई राशि महालेखाकार (लेखा परीक्षा तथा हकदारी) के कार्यालय में वास्तविक रूप में विकलित की जायेगी।	विकलन व्यय के लेखे का शीर्ष। धारा 4 तथा 16
26. निदेशक के कार्यालय सहायता प्राप्त महाविद्यालय की पेंशन बाँच ऐसे कर्मचारीयों, जिनके पक्ष में पेंशन भुगतान आदेश जारी किए गए है , के पूरे ब्योरे दर्शाते हुए पेंशन भुगतान आदेश रजिस्टर महाविद्यालयवार रखेगी।	खाते का रख - रखाव। धारा 4 तथा 16
27. इन नियमों के नियम 15 के अधीन कर्मचारीयों के परिवार को अनुज्ञेय पारिवारिक पेंशन, पेंशन भुगतान आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएगी तथा विहित प्ररूप में आवेदन पत्र के साथ मृत कर्मचारी के मृत्यु प्रमाण पत्र की प्राप्ति पर सम्बन्धित कोषाधिकारी द्वारा पारिवारिक पेंशन का भुगतान किया जायेगा। सम्बद्ध कोषाधिकारी पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभों का भुगतान करने के लिए इन नियमों में दी गई प्रकिया का पालन करेगा।	पारिवारिक पेंशन का भुगतान । धारा 4 तथा 16

अंशदायी भविष्य-निधि की स्थापना तथा गठन।
धारा 4 तथा 16

28. सम्बद्ध महाविद्यालय के कर्मचारीयों के सम्बन्ध मे 8005-राज्य भविष्य-निधियां-01- सिविल-102-अंशदायी भविष्य-निधि-01- राज्य सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाए (महाविद्यालय)'' अंशदायी भविष्य निधि के नाम से ज्ञात एक निधि स्थापित की जाएगी:

इस निधि में निम्नलिखित राशियाँ जमा कराई जाएगी:-

(क) इन नियमों के प्रारम्भ होने की तिथि से पूर्व कर्मचारी के अंशदायी भविष्य-निधि के हिस्से जिसमें उस पर प्रोदभूत ब्याज सहित शामिल है, की राशि।

(ख) समय-समय पर जारी किए गए सरकारी अनुदेशों के अनुसार अंशदायी भविष्य-निधि की कर्मचारी मासिक अभिदाय।

(ग) यद्यपि, इस नियम के अधीन स्थापित निधि हरियाणा राज्य की समेकित निधि का भाग नहीं होगी, तथापि सरकार इसके भूगतान तथा प्रोदभूत वार्षिक ब्याज के लिए वार्षिक बजट में समुचित उपबन्ध करेगी।

(घ) निदेशक अंशदायी भविष्य-निधि में से अभिदाता/आवेदक को वापस किया जाने वाला तथा वापस न किया जाने वाला ऋण/पेशगियों की मंजूरी करने में सक्षम होगा।

कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण के लिए विंग की स्थापना।
धारा 4 तथा 16

29. (1) निदेशक के कार्यालय में इन नियमों की कार्यान्वित करने के लिए विभाग में एक पृथक विंग स्थापित किया जाएगा।

(2) अंशदायी भविष्य-निधि संचयन से सम्बन्धित लेखों का रखरखाव विभागीय स्तर पर भी रखा जाएगा।

30. एक समिति होगी जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे: (1) सचिव, हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग (11) सचिव, हरियाणा सरकार, वित्त विभाग (111) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा, तथा (1V) निदेशक। निधि की स्थिति इसके कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए समिति की बैठक वर्ष में कर्मचारी से कम एक बार होगी और इन नियमोंके अधीन यथा अपेक्षित बजट उपबन्ध के लिए सरकार को सिफारिश भी करेगी। शिक्षा सचिव समिति का अध्यक्ष होगा तथा निदेशक इसका पदेन सचिव होगा।	निधि की स्थिति की समीक्षा के लिए समिति की स्थापना। धारा 4 तथा 16
31 निदेशक, निधि का नियन्त्रण तथा सचालन प्रशासित करेगा।	प्राधिकरण जिसका सम्पूर्ण नियन्त्रण होगा। धारा 4 तथा 16
32. महालेखाकार (संपरीक्षा) हरियाणा निधि के व्यक्तिगत लेखा संपरीक्षा करेगा।	लेखा-संपरीक्षा। धारा 4 तथा 16

अध्याय vi

33. (1) महाविद्यालय की प्रबन्धन समिति या प्राचार्य, ऐसी तिथि से एक वर्ष पूर्व जिसको वह अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्त होता है, कर्मचारी के नाम बकाया देय राशियों का निर्धारण करने के लिए कदम उठाएगी। (2) यथा निर्धारित देय राशियां जिनमें वे देय राशियां शामिल है जो उसके बाद ध्यान में आती है	देय राशियों का समायोजन तथा वसूली। धारा 4 तथा 16

तथा कर्मचारी की सेवा निवृत्ति की तिथि तक बकाया रहती है, कर्मचारी की सेवा निवृत्ति पर भुगतान योग्य मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति की राशि से समायोजित कर दी जायेगी।

(3)जब कोई कर्मचारी सेवा निवृत्त होता है, तो प्रबन्धन समिति द्वारा इस आशय का एक कार्यालय आदेश जारी किया जायेगा तथा उसकी प्रतियां निदेशक को पृष्ठांकित की जायेंगी।

(4)कर्मचारी इन नियमों के अधीन उपलब्ध लाभों के लिए तब तक हकदार नहीं होगा जब तक नियोजक तथा कर्मचारी दोनो का अंशदायी भविष्य-निधि का हिस्सा निधि में अन्तरित नहीं कर दिया जाए।

पेंशन को रोकने की शक्ति। धारा 4 तथा 16

34. सेवा निवृत्ति पर या उसके बाद यदि पेंशन भोगी को किसी गम्भीर अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दण्डित किया जाता अथवा वह सरकार द्वारा दी गई किसी जाँच में घोर कदाचार का दोषी है या सिद्ध हो जाता है, तो निदेशक को पेंशन अथवा उसके किसी अंश को रोकने अथवा वापस लेने का अधिकार होगा।

मध्यस्थता। धारा 4 तथा 16

35. यदि कर्मचारी का पेंशन दस्तावेज अग्रेषित करने में देरी के बारें में कर्मचारी तथा प्रबन्धन-समिति के बीच कोई विवाद उत्पन्नहोता है तो मामला निर्णय

के लिए निदेशक को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका निर्णय अन्तिम होगा तथा पक्षकारों पर बाध्य होगा।

नियमों का निर्वाचन। धारा 4 तथा 16

36.यदि इन नियमों के निर्वचन के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका निर्णय सरकार करेगी।

अनुबन्ध–1

(देखिए बियम 13)

	अर्हक सेवा की पूर्ण छमाही अवधियां	सेवा उपादान का पैमाना
1.	1/2	मास की उपलब्धियां
2.	1	मास की उपलब्धियां
3.	1–1/2	मास की उपलब्धियां
4.	2	मास की उपलब्धियां
5.	2–1/2	मास की उपलब्धियां
6.	3	मास की उपलब्धियां
7.	3–1/2	मास की उपलब्धियां
8.	4	मास की उपलब्धियां
9.	4–1/2	मास की उपलब्धियां
10.	4–3/8	मास की उपलब्धियां
11.	5–1/8	मास की उपलब्धियां
12.	5–1/2	मास की उपलब्धियां
13.	5–7/8	मास की उपलब्धियां
14.	6–1/4	मास की उपलब्धियां
15.	6–5/8	मास की उपलब्धियां
16.	7	मास की उपलब्धियां
17.	7–3/8	मास की उपलब्धियां
18.	7–3/4	मास की उपलब्धियां
19.	8–1/9	मास की उपलब्धियां

प्रारूप—1

देखिए नियम 3(1)

(कर्मचारियों के सेवा—निवृत्ति लाभों के कार्यान्वयन के लिए प्रवन्ध समिति द्वारा निष्पादित किए जाने वाला करार)

यह करार ------------------------------ के ----------दिन को. एक पक्ष की प्रवन्ध समिति(जिसे, इसमें. इसके वाद'प्रवन्ध समिति कहा गया है. जिस अभिव्यक्ति में इसका उत्तराधिकारी शामिल होगा). तथा दूसरे पक्ष को --------------- के माध्यम से कार्यरत हरियाणा के राज्यपाल(जिन्हें इसमें. इसके वाद'सरकार' निर्दिष्ट किया गया है). के वीच किया गया ।

चूंकि सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सम्बद्ध सहायता—प्राप्त महाविद्यालयों के कर्मचारियों को अंशदायी भविष्य—निधि के वदले में सेवा—निवृत्ति लाभांश देने का निर्णय सरकार ने इस शर्त के अधीन रहते हुए लिया है कि सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालयों का प्रवन्ध समिति हरियाणा सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालय(पेंशन तथा अंशदायी भविष्य—निधि) नियम. 1999. के उपबन्धों तथा सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय—समय पर जारी किए गए अनुदेशों का अनुपालन करने के लिए एक करार निष्पादित करेगी;

और.चूंकि प्रवन्धसमिति ---------------------------------ने प्रस्तावसख्या--------------------दिनांक -------------द्वारा अंशदायी निधि के बदले में सेवा-निवृत्ति लाभांशों को देने के लिए शर्तों को पूरा करने में. हरियाणा सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालय(पेंशन तथा अंशदायी भविष्य-निधि) नियम, 1999, के उपबन्धों तथा इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों का अनुपालन करने के लिए सहमत हो गई है;

और. चूंकि. अंशदायी भविष्य-निधि द्वारा शासित विद्यमान कर्मचारी. अब. हरियाणा सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालय(पेंशन तथा अंशदायी भविष्य-निधि) नियम. 1999. द्वारा शासित किए जाने हैं. अंशदायी भविष्य-निधि का प्रवन्ध समिति का हिस्सा तथा सरकार का हिस्सा अंशदायी भविष्य-निधि को उनको स्वीकार करने की तिथि से उक्त नियमों के लागू होने की तिथि तक उस पर प्रोदभूत लाभ सहित निदेशक को अन्तरित किया जाना है;

और चूंकि प्रवन्ध समिति , हरियाणा सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालय(पेंशन तथा अंशदायी भविष्य-निधि) नियम, 1999, के अधीन निधि में कर्मचारियों की अंशदायी भविष्य -निधि के रूप

में वेतन का इस रूप में अपना हिस्सा जो निदेशक द्वारा समय-समय पर नियत किया जाए, अंशदान करते रहने के लिए सहमत हो गई है तथा यह अंशदाब निदेशक को अन्तरित किया जाएगा;

इसलिए अब, उक्त करार के अनुसरण में, प्रबन्ध समिति , इसके द्वारा, सहमत हो गई है कि वह करार में लगाई गई सभी शर्तों का सम्यक् रूप से, ईमानदारी से तथा समय निष्ठा से अनुपालन करेगी । उक्त शर्तों पर, कार्य करने में प्रबन्ध समिति के असफल रहने की दशा में, प्रबन्ध समिति को जारी की जा रही प्रबन्ध समिति को देय सहायता-अनुदान की राशि में से किसी राशि की कटौती करने का निदेशक हकदार होगा तथा प्रबन्ध समिति हो, के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करेगा, जो हरियाणा सम्बद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालय(पेंशन तथा अंशदायी भविष्य-निधि) नियम, 1999, के ढांचे में उचित प्रतीत हो;

जिसके साक्ष्य में पक्षकारों ने इस विलेख पर क्रमशः उनके हस्ताक्षरों के सामने वर्णित तिथि को, हस्ताक्षर किए हैं:-

राज्यपाल हरियाणा के लिए तथा

उसकी ओर से

1. हस्ताक्षर----------
2. नाम----------
3. दिनांक--------

साक्षी-1

हस्ताक्षर----------

नाम----------

दिनांक--------

पदनाम----------

पता----------

साक्षी-2

हस्ताक्षर----------

नाम----------

दिनांक--------

पदनाम----------

पता----------

प्रबन्धक के लिए तथा

उसकी ओर से

1. हस्ताक्षर----------
2. नाम----------
3. दिनांक--------

साक्षी-1

हस्ताक्षर----------

नाम----------

दिनांक--------

पदनाम----------

पता----------

साक्षी-2

हस्ताक्षर----------

नाम----------

दिनांक--------

पदनाम----------

पता----------

.....

श्री/श्रीमती----------पदनाम----------पावती

कार्यालय----------के विकल्प तथा वचनबद्धता

दिनांक----------प्राप्त किए।

दिनांक--------

(मोहर तथा बड़े अक्षरों में पूरे नाम सहित)

प्रारूप–2

(देखिए नियम 3(1))

वचनबद्धता

(तीन प्रतियों में)

हरियाणा सरकार यादी क्रमांक————————————दिनांक ————

द्वारा जारी किए गए अनुदेशों को पढकर तथा मेरे मामले में यथा लागू इन नियमों को पूर्ण रूप से समझकर:–

(1) (क) मैं, ऊपर विर्दिष्ट तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर यथा संशोधित तथा जारी किए गए सभी अनुदेशों का पालन करने का वचन देता हूं ।

(ख) मैं, मेरे तथा नियोजक के हिस्से के मद्दे निदेशक द्वारा निकाली गई राशि को वापस करने का वचन देता हूं ।

साक्षी

1. हस्ताक्षर————————

दिनांक————————

पूरा नाम————————

(बडे अक्षरों में)

पदनाम

2. हस्ताक्षर————————

दिनांक————————

पदनाम————————

(प्राचार्य)ब

कार्यालय————————

कर्मचारी के हस्ताक्षर————————

दिनांक————————

पूरा नाम————————

(बडे अक्षरों में)

विष्णु भगवान,

वित्तायुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार

शिक्षा विभाग, चण्डीगढ

[Authorised English Translation]

HARYANA GOVERNMENT

EDUCATION DEPARTMENT

NOTIFICATION

The 31st May,1999

No. G.S.R.53/H.A.15/1979/S.4,5 and 16/99.-In exercise of the powers conferred by sub-section (1) read with sub-section (2) of section 16 and sections 4 and 5 of the Haryana Affiliated Colleges (Security of Service) Act,1979 (Act 15 of 1979), the Governor of Haryana hereby makes the following rules regulating the pension and Contributory provident fund of the employees appointed to the affiliated aided colleges ,namely:-

CHAPTER-I

1. (1) These rules may be called the Haryana Affiliated Colleges (Pension and Contributory Provident Fund) Rules,1999. — Short title and commencement

(2) They shall be deemed to have come into force with effect from the 11th day of May, 1998.

2. In these rules, unless the context otherwise requires;- — Definitions

(a) "aided sanctioned post" means the post for which grant-in-aid is allowed by Higher Education Directorate, Haryana;

(b) 'Act' means the Haryana Affiliated Colleges (Security of Service) Act 1979(Act 15 of 1979);

(c) "Department" means Higher Education Department, Haryana;

(d) "Director" means the Director of Higher Education;

(e) "Emoluments" for the purpose of pension mean basic pay plus special pay personally, if any;

(f) "Fund" means Pension fund;

(g) "Form" means form appended to these rules;

(h) "pay" means the amount drawn monthly by an employee as-

(i) pay other than special pay or pay granted in lieu of his personal qualifications, which has been sanctioned for a post held by him substantively or in an officiating capacity or to which he is entitled;

(ii)special pay and personal pay, if any;

(iii)any other emoluments which may specifically be classified as pay by the Government in the case of Government Employee; and

(i) "pension" means an amount which an employee shall get as pension including gratuity on attaining the age of superannuation;

(j) "qualifying service" means the service that qualifies for pension under these rules. It shall be reckoned in terms of completed half years, provided that the fraction equal to three months and above shall be treated as completed half year. However, the qualifying service will be taken into account with effect from the date an employee starts contribution towards Contributory Provident Fund;

(k) "Service" means the service rendered under the provisions of the Haryana Affiliated Colleges(Security of Service) Act, 1979 (Act 15 of 1979) and rules made thereunder;

(l) The words and expressions used in these rules but not defined, shall have the same meaning as assigned to them in the Haryana Affiliated Colleges(Security of Service) Act, 1979 (Act 15 of 1979) .

CHAPTER - II

3. (1) Except as otherwise provided in any rule, and Subject to the condition that the Managing Committee of Aided College, executes an agreement

Application section 4 &16

in Form-I, duly supported by a resolution of the Managing Committee to abide by the provisions of these rules and the undertaking of the employee in Form-II and instructions, issued by the Department from time to time, these rules shall apply to all the employees, who,-

(a) are appointed to the aided sanctioned posts on or after the 11th day of May,1998; and

(b) were working on aided sanctioned posts immediately before the 11th day of May, 1998 and continue to work as such thereafter:
Provided that the employees appointed to the aided sanctioned posts-

(i) before the 11th day of May,1998 who have attained or will attain the age of superannuation on or after that date (hereinafter referred to as " existing employees"); and

